The Chair made an observation about decorum and dignity of the House and appealed to the Memebrs to extend their cooperation for smooth functioning of the proceedings of the House

माननीय सभापति **:** माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने सदन के सामने एक प्रस्ताव रखा है । आपकी जो चिंता है या नीट की परीक्षाओं को लेकर आपको चर्चा चाहिए और इस पर गृह मंत्री जी का जवाब चाहिए ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** ऐसा नहीं है कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी ही तय करेगी । सरकार इस बात के लिए तैयार है कि आप इस चर्चा को तत्काल प्रारम्भ कर दें । मैं चेयर से कहना चाहता हूं कि जब सरकार चर्चा के लिए तैयार हैं, आप माननीय गृह मंत्री जी से जवाब चाहते हैं तो मेरे ख्याल से फिर तो सदन में सहमति बन गई । सदन में अब कोई डेडलॉक होना नहीं चाहिए ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपकी मांग थी कि माननीय गृह मंत्री जी इस चर्चा पर जवाब दें और आपने लगातार कई दिनों तक सदन बाधित रखा ।

(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: For the past two-three weeks you all were demanding that the Home Minister should reply.

(*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** अब अगर माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा है तो मैं श्री के.सी. वेणुगोपाल जी से कहना चाहता हूं कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है । आपकी क्या राय है? सरकार चर्चा के लिए तैयार है । अगर आपको चर्चा चाहिए तो आप अपने सदस्यों को कहिए ।

(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The Government is ready for a discussion, and the Home Minister is ready to reply to every point.

(*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** क्या आप चर्चा चाहते हैं? सरकार के द्वारा एक प्रस्ताव रखा गया है । माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी एक बार फिर से बोल दीजिए ।

(व्यवधान)

श्री किरेन रिजिजू **:** सभापति महोदय, आप वेल में आकर हंगामा कर रहे हैं । आप अभी अपनी-अपनी सीट्स पर चले जाइये, हम लोग अभी चर्चा आरंभ करने के लिए तैयार हैं । (व्यवधान) बस, आप अपनी-अपनी कुर्सियों पर चले जाइये । आप अपनी-अपनी डेजिगनेटेड सीट्स पर चले जाइये । (व्यवधान) कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी के साथ दो-तीन और दल जुड़े हुए हैं । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि सदन की संपूर्ण मैजोरिटी, इस सदन के 80 परसेंट मैम्बर्स चर्चा चाहते हैं । (व्यवधान) हमारे पास अभी भी मानसून सत्र के दो दिन बचे हुए हैं । (व्यवधान) हम चाहते हैं कि चर्चा अभी शुरू की जाए । (व्यवधान) हम लोग बैठे हुए हैं । आप लोग अपनी-अपनी कुर्सियों पर जाइये । (व्यवधान) आप लोग पहले दिन से डिस्कशन की मांग कर रहे हैं और गृह मंत्री जी की स्टेटमेंट की मांग कर रहे हैं । (व्यवधान) जब हम पूरी तैयारी करके आए हैं तो आप चर्चा से भाग रहे हैं । ऐसे तो नहीं होगा । (व्यवधान) मानसून सत्र के दो दिन बचे हुए हैं । प्लीज आप दो दिन का नुकसान मत कराइये । (व्यवधान) मानसून सत्र के दो दिन बचे हुए हैं, हम लोग इसे छात्रों के नाम समर्पित करेंगे और हम लोग चर्चा करेंगे । (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी आपसे बार-बार आग्रह कर रहे हैं ।

(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Benny Behanan ji, kindly listen to me. (*Interruptions*) Twice, the Parliamentary Affairs Minister has said it on the floor of the House.

(*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** वे आपसे रिक्वैस्ट कर रहे हैं कि हम तत्काल चर्चा करने के लिए तैयार हैं । क्या आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं? इससे साफ है कि फिर किसलिए सदन बाधित हो रहा है?

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अखिलेश जी या श्री के.सी. वेणुगोपाल जी, आप इसकी चर्चा की मांग कर रहे थे और संसदीय कार्य मंत्री जी कह रहे हैं कि हम इसी समय से चर्चा करने के लिए तैयार हैं । इससे साफ है कि हम इस पर चर्चा के लिए तैयार हैं ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** संसदीय कार्य मंत्री जी के बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी आप इस पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं । क्या आप गृह मंत्री जी का जवाब सुनना नहीं चाहते हैं? माननीय गृह मंत्री जी जवाब देना चाहते हैं ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपके द्वारा सदन में जो भी बहुमूल्य बिंदु उठेंगे, वे एक-एक बिंदु पर चर्चा करेंगे । आप उसको सुनिये और आप भी चर्चा में भाग लीजिए ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** हाउस ऐसे नहीं चलेगा । मैं आप सब लोगों से कहना चाहता हूं कि यह तरीका ठीक नहीं है । क्या आप चर्चा के लिए तैयार हैं?

(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I am also requesting अखिलेश जी, श्री के.सी. वेणुगोपाल जी, आप वेल को वेकेट करवा दीजिए । मैं चर्चा शुरू करवा देता हूं । मैं चर्चा प्रारंभ करवाता हूं, लेकिन आप वेल को खाली करवाइये ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अखिलेश जी, श्री के.सी. वेणुगोपाल जी, मैं चर्चा करवाने के लिए तैयार हूं ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** महासचिव जी ।

(व्यवधान)